न्यायालय जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट, श्रीगंगानगर

विविध बैंक प्रकरण संख्या 39/2025(GCMS : 2025/45)

ए यू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय 4—ई—8 जवाहर नगर, प्रथम तल, मीरा चौक रोड, नजदीक गौड़ हास्पीटल, श्रीगंगानगर जरिये अधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता पोर्टफोलियो कलैक्शन मैनेजर सतनाम सिंह पुत्र श्री दर्शन सिंह

बनाम

1. **बिशनपाल** पुत्र श्री मोहनी राम निवासी वार्ड नं 17, 3 जेएसडी बुगिया जिला श्रीगंगानगर पिन —335702
2. **बुधराम** पुत्र श्री रामदास निवासी 3 जेएसडी बुगिया जिला श्रीगंगानगर पिन —335702
3. **सलोचना** पत्नी श्री कृष्णलाल निवासी 3 जेएसडी बुगिया जिला श्रीगंगानगर पिन —335702
4. **मैना** पत्नी श्री बिश्नपाल निवासी वार्ड नं. 11, 3 जेएसडी, नारूवाली ढाणी, ग्राम पंचायत बुगिया, जिला श्रीगंगानगर
5. **कृष्णलाल** पुत्र मोहनीराम निवासी 3 जेएसडी बुगिया जिला श्रीगंगानगर पिन —335702

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

02.07.2025

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी बैंक/कम्पनी ने जरिये अधिवक्ता श्री राजीव मेहंदीरत्ता एवं गरिमा बंसल ने एक प्रार्थना पत्र वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत प्रस्तुत किया है कि प्रार्थी बैंक/कम्पनी द्वारा अप्रार्थीगण बिशनपाल, बुधराम, सलोचना, मैना एवं कृष्णलाल को ऋण सुविधा के रूप में 2.00/—लाख रूपये ऋण राशि की स्वीकृति प्रदान की थी। अप्रार्थीगण के खाते में दिनांक 11.07.2024 को 2,15,354/— रूपये की राशि बकाया थी। ऋण की सुरक्षा की एवज में **अप्रार्थी मैना देवी द्वारा बंधक रखी अपनी अचल सम्पत्ति पट्टा नं. 36, बुक नं. 63 [illegible] सडी बुगिया पंचायत समिति श्रीविजयनगर जिला [illegible] साईज 2584 सक्वायर फीट,**

Signature Not Verified
Digitally signed by Manju
Date: 2025.07.23 16:01:39 IST
Reason: SelfAttested

जिला मजिस्ट्रेट
श्रीगंगानगर

जिसका आसापासा पूर्व में गीता देवी, पश्चिम में गुड्डी देवी, उत्तर में सड़क एवं दक्षिण में भीयांराम की सम्पत्ति है, का भौतिक कब्जा प्रार्थी बैंक को पुलिस की सहायता से दिलाया जाने की प्रार्थना की है।

मैने, पत्रावली में उपलब्ध उनके प्रार्थना पत्र धारा 14, शपथ पत्र एवं अन्य उपलब्ध दस्तावेजात का भी अवलोकन किया तो पाया कि उक्त प्रार्थना पत्र के अनुसार प्रार्थी बैंक ने **अप्रार्थीगण बिशनपाल, बुधराम, सलोचना, मैना एवं कृष्णलाल** को ऋण सुविधा के रूप में 2.00/— लाख रूपये **(अखरे रूपये दो लाख मात्र) की स्वीकृति दिनांक 20.09.2024 को प्रदान की थी और** ऋण की सुरक्षा की एवज में अप्रार्थी मैना देवी ने अपनी अचल **सम्पत्ति पट्टा नं. 36, बुक नं. 63, 4 जेएसडी बुगिया पंचायत समिति श्रीविजयनगर जिला श्रीगंगानगर जिसका साईज 2584 सक्वायर फीट, जिसका आसापासा पूर्व में गीता देवी, पश्चिम में गुड्डी देवी, उत्तर में सड़क एवं दक्षिण में भीयांराम की सम्पत्ति है,** प्रार्थी बैंक के पास रहन रखी। प्रार्थी बैंक के प्रार्थना धारा 14 एवं उसके समर्थन में प्रस्तुत दस्तावेजात एवं शपथ पत्र के अनुसार अप्रार्थी ऋणी का खाता दिनांक 09.07.2024 को अनर्जक परिसम्पत्ति (एन. पी.ए.) हो गया। बैंक द्वारा अप्रार्थी ऋणियों को धारा 13(2) के नोटिस रजिस्टर्ड डाक से भिजवाये गये थे, रजिस्टर्ड डाक से धारा 13(2) के नोटिस भिजवाने की रसीद एवं प्राप्ति के ऑनलाईन ट्रैक पत्रावली में उपलब्ध है।

वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई करने के लिए विवादग्रस्त सम्पत्ति जिसका भौतिक कब्जा चाहा जा रहा है वह सम्बन्धित जिला मजिस्ट्रेट के क्षेत्राधिकार में होना आवश्यक है और दूसरा सम्बन्धित ऋणियों पर 13(2) के नोटिस की तामील ऋणियों/जमानतदारों पर विधिवत् रूप से होनी आवश्यक है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Manju
Date: 2025.07.23 16:01:39 IST
Reason: SelfAttested

जिला मजिस्ट्रेट
श्रीगंगानगर

जहां तक ऋण की एवज में अप्रार्थी मैना देवी की अचल सम्पत्ति पट्टा नं. 36, बुक नं. 63, 4 जेएसडी बुगिया पंचायत समिति श्रीविजयनगर जिला श्रीगंगानगर जिसका साईज 2584 सक्वायर फीट, जिसका आसापासा पूर्व में गीता देवी, पश्चिम में गुड्डी देवी, उत्तर में सड़क एवं दक्षिण में भीयांराम की सम्पत्ति है, जो प्रार्थी बैंक के पास बंधक रखी हुई है, का संबध है, वह निम्न हस्ताक्षरकर्ता के क्षेत्राधिकार जिला श्रीगंगानगर में स्थित है। इसलिए वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 के तहत निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता कार्रवाई करने के लिए सक्षम है।

जहां तक अप्रार्थी ऋणी पर धारा 13(2) के जारी नोटिस 15.07.2024 की तामील का प्रश्न है। प्रार्थना पत्र के अनुसार दिनांक 15.07.2024 को 60 दिवस में राशि जमा करवाने का धारा 13(2) के नोटिस, **अप्रार्थीगण को रजिस्टर्ड डाक से दिनांक 20.07.2024 को भिजवाये गये थे, जिसकी रसीद पत्रावली में उपलब्ध है। धारा 13(2) के नोटिस प्राप्ति के ऑनलाईन ट्रैक भी पत्रावली में उपलब्ध है, जिसके अनुसार अप्रार्थीगण को 13(2) के नोटिस प्राप्त हो गये है। जिसके अनुसार** अप्रार्थीगण को धारा 13(2) के नोटिस की तामील होना माना जाना उचित है। इसके बावजूद भी अप्रार्थीगण ने बैक की समस्त बकाया ऋण राशि जमा नही करवाई है **और न ही शपथ पत्र के अनुसार नोटिस पर कोई आपत्ति या अभ्यावेदन प्रस्तुत किया** है। इसलिए ऋण की सुरक्षा की एवज में ऋणी **मैना देवी** द्वारा प्रार्थी बैंक के पास बंधक रखी गई संपतियों का भौतिक कब्जा प्रार्थी बैंक को दिलाया जाना उचित होगा।

Signature Not Verified

Digitally signed by Manju
Date: 2025.07.23 16:01:39 IST
Reason: SelfAttested

जिला मजिस्ट्रेट
श्रीगंगानगर

अतः उक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी ए यू स्मॉल फाईनेंस बैंक लि. का उक्त प्रार्थना पत्र वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत धारा 14 **स्वीकार किया जाता है** और अप्रार्थी **ऋणी मैना देवी द्वारा प्रार्थी बैंक/कम्पनी से प्राप्त ऋण की सुरक्षा की एवज में बंधक रखी गई अचल सम्पत्ति पट्टा नं. 36, बुक नं. 63, 4 जेएसडी बुगिया पंचायत समिति श्रीविजयनगर जिला श्रीगंगानगर जिसका साईज 2584 सक्वायर फीट, जिसका आसापासा पूर्व में गीता देवी, पश्चिम में गुड्डी देवी, उत्तर में सड़क एवं दक्षिण में भीयांराम की सम्पत्ति है, का भौतिक कब्जा जरिये पुलिस की सहायता से प्रार्थी बैंक/कम्पनी को दिलाये जाने के आदेश दिये जाते है।** इस आदेश की प्रति जिला पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर को इस आदेश के साथ अग्रेषित की जाती है कि प्रार्थी बैंक/कम्पनी को उक्त अचल सम्पत्ति का भौतिक कब्जा दिलाने हेतु उनके चाहे अनुसार, नियमानुसार पुलिस सहायता उपलब्ध करवाई जावें। सहायता उपलब्ध करवाने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जावे कि उक्त बंधक रखी गई सम्पत्ति किसी भी न्यायालय में विवादित अथवा स्थगन से प्रभावित तो नहीं है। आदेश की प्रति प्रार्थी बैंक व जिला पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर को पालनार्थ भिजवाई जावे। पत्रावली बाद तरतीब तक़मील दाख़िल दफ़्तर हो।

यह आदेश आज दिनांक 02.07.2025 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Manju
Date: 2025.07.23 16:01:39 IST
Reason: SelfAttested

(डॉ. मन्जू)
जिला मजिस्ट्रेट
श्रीगंगानगर

जिला मजिस्ट्रेट
श्रीगंगानगर